किसानों की बिना सहमति के सरहंगता पूर्वक हो रहा टॉवर निर्माण

एसडीएम चुरहट एवं तहसीलदार रामपुर नैकिन से किसान एवं समाजसेवी ने शिकायत कर रीवा से महान लाइन परियोजना में अनाधिकृत टॉवर निर्माण पर रोक लगाने की मांग की

नवभारत न्यूज

सीधी 29 मई। किसानों की बिना सहमति के सरहंगता पूर्वक टावर निर्माण हो रहा है। एसडीएम चुरहट एवं तहसीलदार रामपुर नैकिन से किसान एवं समाजसेवी ने शिकायत कर रीवा से महान लाइन परियोजना में अनाधिकृत टावर निर्माण पर रोंक लगाने की मांग की है।

दरअसल अडानी पावर ट्रांसमिशन द्वारा तहसील रामपुर नैकिन क्षेत्र में रीवा से सिंगरौली (महान) पावर ट्रांसमिशन का कार्य ग्राम कुआं, बड़खरा, भितरी में किया जा रहा है। अडानी पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुये जबरन बिना अनुमति और मुआवजा भुगतान के ही शासन मंशा विपरीत विद्युत टावर लगाने का काम किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि भारत सरकार की टावर लाइन गाइड लगाने के अनुसान जिन किसानों की भूमि टावर क्षेत्र में आ रहा है

उसका पूर्व सर्वे राजस्व विभाग से कराते हुये संबंधित किसानों को नोटिस दी जानी चाहिये। तत्पश्चात बाजार कीमत से 200 गुना ज्यादा भूमि की कीमत का मुआवजा के रूप से भुगतान होना चाहिये। मुआवजा भुगतान के बाद ही टावर लगाने का काम होना चाहिये। यहां कंपनी के अधिकारियों द्वारा किसानों पर दबाव बनाकर काफी कम कीमत देकर टावर लगाने का काम किया है। इसकी शिकायत प्रभावित किसान रामानुज प्रसाद मिश्रा भितरी, यज्ञनारायण बढ़ई, बृजेश यादव, ओमप्रकाश यादव, शिव प्रकाश यादव सभी निवासी ग्राम कुआं, अम्बुज पाण्डेय एडवोकेट द्वारा रामपुर नैकिन थाना, तहसीलदार रामपुर नैकिन, एसडीएम के पास लिखित रूप से की गई है।

शिकायतकर्ताओं की जुबानी टॉवर निर्माण कंपनी के दबंगई की कहानी

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि अडानी पावर ट्रांसमिशन के कर्मचारियों द्वारा किसानों के खेतों में जबरन मशीन लगाकर बिना सहमति के विद्युत टावर लगाने का कार्य किया जा रहा है। विरोध करने पर किसानों के साथ अभद्रता की जाती है। टावर लगाने का काम ग्राम कुआं, बड़खरा, भितरी में किया जा रहा है। यहां बिना अनुमति और मुआवजा भुगतान के ही शासन की मंशा के विपरीत टावर दबंगई पूर्वक लगाया जा रहा है। विभाग के बिना अनुमति अवैध रूप से पेड़ों की कटाई की जा रही है।

कंपनी के कर्मचारी किसानों से मारपीट करने पर उतारू

क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि बिना मुआवजा भुगतान के जबरन पावर ट्रांसमिशन के कर्मचारियों द्वारा टावर लगाने का काम किया जा रहा है। किसानों के विरोध जताने पर मारपीट पर कंपनी के कर्मचारी उतारू हो जाते हैं। 20-25 लोगों द्वारा कैम्प लगाकर मनमानी तौर पर किसानों के खेत में टावर लगाने का काम जबरन किया जा रहा है। जब किसान विरोध करते हैं तो अधिकारियों के नाम की धमकी देकर दबाव बनाया जाता है। इसकी शिकायत लिखित रूप में थाना रामपुर, तहसीलदार एवं एसडीएम के पास की गई है।

इनका कहना है

विद्युत टावर लगाने के संबंध में किसानों की कुछ शिकायतें सामने आई हैं। जिस पर निराकरण कराने के लिये जल्द ही बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक में टावर कंपनी के अधिकारियों को भी शामिल किया जायेगा।

आशीष मिश्रा, तहसीलदार रामपुर नैकिन

अडानी पावन ट्रांसमिशन द्वारा रामपुर नैकिन क्षेत्र के बड़खरा, भितरी एव कुआं में मनमानी तौर पर टावर लगाने का काम सरगंईपूर्वक किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में करीब 50 फीसदी टावर लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। टावर कंपनी द्वारा भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार टावर लगाने के कार्य में मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। कंपनी के नुमाइंदे मौके पर आते हैं और मनमानी तौर पर टावर लगाना शुरू कर देते हैं।

अम्बुज पाण्डेय, समाजसेवी

लोकरंग महोत्सव के दूसरे दिन भी बघेली लोकगीतों की गूंज

भोजपुरी एवं बघेली लोकगीतों की हुई प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

सीधी 29 मई। जिले रामपुर जनपद के ग्राम हत्था अगहार में स्थित शंकुतला मैरिज गार्डेन में उत्थान सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था व मान्या लोक संगीत अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे 3 दिवसीय गांव की माटी लोकरंग महोत्सव में विंध्य क्षेत्र सहित देश के भिन्न-भिन्न राज्यों के लोक गायक एवं कलाकार शामिल हो रहे हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि अमित द्विवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ भोपाल, के.डी.सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष रामपुर नैकिन, अभिषेक शर्मा उपाध्यक्ष अल्ट्राटेक सीमेंट बघवार, सुनील सिंह सीएस वरिष्ठ संविदाकार बघवार आदि उपस्थित रहे। महोत्सव में उ.प्र. से लोक गायिका अंशिका सिंह, बिहार से नवीन नीतीश एवं विंध्य क्षेत्र की चर्चित राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय, कपिल तिवारी, दिव्या द्विवेदी, दृष्टि तिवारी आदि ने मनमोहक लोक गीतों की प्रस्तुतियां दीं।

उक्त आयोजन में केडी सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, आशुतोष शुक्ला अगहार, ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, सुनील सिंह कंधवार, ओमप्रकाश शुक्ला रामपुर नैकिन, रोहित शुक्ला चार्टर्ड एकाउंटेंट अगहार, संजय तिवारी डिठौरा, विनोद त्रिपाठी लेहेचुआ, शिवानंद पाण्डेय गड़हरा, प्रशांत सिंह बघवार, लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता रैदुअरिया, प्यारेलाल अगहार, पंकज गुप्ता, गनपत गुप्ता, रामा गुप्ता रैदुअरिया, रमेश गुप्ता, गोविंद प्रसाद गुप्ता कपुरी कोठार, सुनील गुप्ता भैंसरहा का विशेष सहयोग रहा।

मान्या पाण्डेय ने दी इन लोकगीतों की प्रस्तुति

बघेली बोली वाणी की चर्चित राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय द्वारा बघेली दादरा हमरी गुलाबी चुनरिया, जेवनार गारी गीत उतरत माघ लगत दिन फागुन, बघेली बिरहा नदिया किनारी तीन तपस्वी, भोजपुरी दादरा गीत राह चली ला ता टोके ला सोनार सइया जी, बघेली दादरा सोवत रामा मै छोड़ आई हो, भोजपुरी प्रेम गीत बतावा चाँद केकरा से कहां मिल जाला, बघेली गैलिहाई गीत ए जी सिया ऐसी सुंदर नारी, बघेली सुहाग गीत अरे बारह बारिस की सिया सुकुमारी एवं बघेली के भिन्न भिन्न अवसरों के दादरा व जातीय गीतों सहित दर्जनों गीतों की प्रस्तुतियां दी गई।

तीन प्रकरणों में आर्थिक सहायता स्वीकृत

नवभारत न्यूज

सीधी 29 मई। उपखंड अधिकारी रामपुर नैकिन विकास आनंद द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी 6(4)) के प्रावधानों के तहत पानी में डूबने एवं सर्पदंश से हुई मृत्यु के 3 प्रकरणों में कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

खड्डी खुर्द निवासी सुखरजुआ तिवारी की कुएं में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस पुत्र तीरथ प्रसाद तिवारी तथा पुत्री दशमतिया साहू को 2-2 लाख रुपये, कुल 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हनुमानगढ़ निवासी अवनीश कुमार चौबे की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता बाबूलाल चौबे को निकटतम वारिस के रूप में 4 लाख रुपये व कुशमहर निवासी शिवेन्द्र सिंह की पानी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके पिता लखपति सिंह को निकटतम वारिस के रूप में 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। एसडीएम ने बताया कि शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों को समय पर आर्थिक संबल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

विनायक दामोदर सावरकर जयंती का युवाओं के बीच आयोजित हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सीधी 29 मई। माई युवा भारत सीधी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित विनायक दामोदर सावरकर जयंती के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सभापति वन समिति कृष्णलाल पयासी, अध्यक्षता जनपद सदस्य चंद्रप्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि मंडल उपाध्यक्ष अंबिकेश मिश्रा के विशेष आतिथ्य में मां कलिका माता के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंचीय कार्यक्रम में एड. तत्शत मिश्रा ने कहा कि युवा भविष्य के कर्णधार

है। हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है भविष्य को सुरक्षित रखना है, तो युवाओं को आगे आना ही होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णलाल पयासी ने कहा कि विनायक दामोदर जयंती पर माई युवा भारत का यह कार्यक्रम सराहनीय है। जन भागीदारी से युवाओं का संरक्षण करना समुदाय को एक बड़ा संदेश जाएगा। सरकार द्वारा समुदाय को सशक्त करने के लिए जन्म से मृत्यु तक की योजनाएं संचालित है, आप सब सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित कर आयोजन को सफल बनाए। मंचीय कार्यक्रम के पश्चात युवाओं को सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी जैसे निकालकर समाज में आना होगा आम जन मानस से अपील की गई।

उक्त आयोजन जिला समन्वयक कुलदीप सिंह माई युवा भारत सीधी के निर्देशन, कमलेश केवट, विद्यासागर पाण्डेय, विजय साकेत, श्रीमती सीमा साकेत, अखिलेश तिवारी, प्रिंस द्विवेदी, मुनिमहेश गौतम सहित सैकड़ों महिला युवा साथी उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन भूपेश द्विवेदी और कार्यक्रम का संचालन कमल युवा मंडल के अध्यक्ष धीरज मिश्रा के द्वारा किया है।

डिजिटल ग्राम पंचायत : अब घर बैठे जमा कर सकेंगे पंचायत कर

जिला पंचायत की पहल से कर भुगतान प्रक्रिया होगी आसान

नवभारत न्यूज

सीधी 29 मई। ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और कर वसूली प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनाने की दिशा में जिला पंचायत सीधी ने महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में जिले की ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन कर भुगतान व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस व्यवस्था के लागू होने से अब ग्रामीण नागरिक घर बैठे ही सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से ग्राम पंचायत कर का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे।

इस पहल के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में बैनर, पोस्टर एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों को ऑनलाइन कर भुगतान सुविधा की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक लोग डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकें। म.प्र. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित पोर्टल के माध्यम से नागरिक संपत्ति कर, जल कर, स्वच्छता कर एवं प्रकाश कर का ऑनलाइन भुगतान आसानी से कर सकते हैं। भुगतान



पूर्ण होने पर नागरिकों को डिजिटल रसीद भी प्राप्त होगी, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनेगी।

सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि यह पहल ग्राम पंचायतों में सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे तथा उनके समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने नागरिकों से ऑनलाइन कर भुगतान व्यवस्था का अधिक से अधिक उपयोग करने और डिजिटल ग्राम पंचायत निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

विकास कार्यों को मिलेगी नई गति

ऑनलाइन कर भुगतान व्यवस्था से ग्राम पंचायतों की राजस्व वसूली में वृद्धि होगी तथा सभी अभिलेख डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेंगे। इससे पंचायतों की वित्तीय व्यवस्था अधिक मजबूत होगी और विकास कार्यों की योजना बनाने में भी सुविधा मिलेगी। पंचायतों की स्व-राजस्व क्षमता बढ़ने से सड़क, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों को गति मिलेगी। डिजिटल भुगतान व्यवस्था से नगद लेनदेन में कमी आएगी, जिससे वित्तीय पारदर्शिता बढ़ेगी और अनियमितताओं की संभावनाएं भी कम होंगी। साथ ही ऑनलाइन डाटा उपलब्ध रहने से पंचायतों को बेहतर वित्तीय प्रबंधन एवं बजट नियोजन में सहायता प्राप्त होगी। समय पर कर भुगतान की संस्कृति विकसित होने से ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक सशक्त बन सकेंगी।



कलेक्टर ने किया जनपद पंचायत सीधी एवं एसडीएम कार्यालय गोपद बनास का आकस्मिक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सीधी 29 मई। कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद पंचायत सीधी एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय गोपद बनास का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

जनपद पंचायत सीधी के निरीक्षण के दौरान अभिलेख संधारण में कमियां पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी योजनाओं से संबंधित अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने, शासन के दिशा-निर्देशों की गार्ड फाइल संधारित करने तथा फील्ड अधिकारियों को नियमित भ्रमण कर निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने पर प्रभारी खंड पंचायत अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए। एसडीएम कार्यालय गोपद बनास में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने दो वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने ऐसे सभी लंबित प्रकरणों का आगामी 3 माह में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही भू-अर्जन एवं अवार्ड संबंधी मामलों का समयसीमा में निराकरण करने तथा न्यायालय कक्ष में अग्निशमन यंत्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध कार्य संस्कृति सुनिश्चित की जाए तथा आमजन से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला, सीईओ जपं चंदूलाल पनिका सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर मिले : विश्वामित्र

जनपद कार्यालय में योजनाओं एवं विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

सीधी 29 मई। विधानसभा क्षेत्र सिहावल में स्वीकृत सभी निर्माण व विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता से कराएं जिससे हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने सिहावल के जनपद सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किए। जनपद कार्यालय में आज विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा हुई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान बिगड़े हैण्डपंपों का सुधार तत्परता से कराने के लिए कहा गया। कोई भी गांव पेयजल की समस्या से ग्रसित न रहे सभी ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो। जल निगम की समीक्षा में पाइप लाइन एवं टंकी निर्माण का कार्य में गुणवत्ता एवं शीघ्रता से कराने के लिए निर्देशित किया गया। जनपद की समीक्षा में अधिक से अधिक सामूहिक एवं हितग्राही कार्यों में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन करने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए कहा गया। नवीन स्वीकृत, प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यों की जानकारी ली गई, पूर्ण कार्यों का लोकार्पण कराने, लंबे समय से अधूरे पड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने के लिए कहा गया। विधायक ने कहा कि सभी अस्पतालों, आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था करें, पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनवावें तथा योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार समय पर दिलाया जाय। साथ ही निर्देशित किया गया कि निर्माण एजेंसियों पीडब्लूडी, आरईएस, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अधिकारियों को मार्ग निर्माण के कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से समय सीमा में पूर्ण करें एवं पूर्ण कार्यों का लोकार्पण करायें। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान खरीफ सीजन के लिए खाद-बीज की समय पर उपलब्धता हेतु कार्यवाही करें व गुलाब सागर नहर का मुआवजा वितरण शीघ्र कराकर निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान पाठ्य पुस्तक, गणवेश एवं सायकल का वितरण की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से उपखंड अधिकारी सिहावल राजेश शुक्ला, जनपद सीईओ रोहित उपाध्याय, तहसीलदार सिहावल जयप्रकाश पाण्डेय, बीडीओ सुश्री रश्मि पाण्डेय सहित खंड स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

धौंहनी विधायक जनता दरबार लगाकर समस्याओं का कर रहे निराकरण

सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलता है जनता दरबार, जनता की हर समस्या को समझते हैं अपनी जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

कुसमी 29 मई। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण कर रहे है। सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे तक जनता दरबार चलती है। जनता की हर समस्या को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सेवाएं समर्पण और विकास के मार्ग पर चलते हुए धौंहनी विधानसभा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाले सीधी जिले के वरिष्ठ विधायक कुंवर सिंह टेकाम काफी लोकप्रिय है।

धौंहनी विधानसभा क्षेत्र से 4 मर्तबा से लगातार निर्वाचित होने वाले विधायक कुंवर सिंह टेकाम जनता दरबार के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्या को सुनना और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करना उनके स्वभाव मे हैं। क्षेत्र की जनता जनार्दन की समस्या को सुनने के लिए कभी-कभी विधायक कुंवर सिंह टेकाम सुबह का नाश्ता और दोपहर का भोजन भी समय पर करना भूल जाते हैं। सुबह 6 बजे से शुरू होने वाली जनता दरबार को खत्म होने में दिन के 3 से 4 बज जाते हैं एवं 9 से 10 घंटे बीत जाते हैं। जब तक संबंधितो का निराकरण नही कर देते जनता दरबार से उठना भी उचित नही समझते। जनता दरबार में वरिष्ठ विधायक श्री टेकाम बारी-बारी से आमजन से सीधा संवाद कर सबकी समस्यायें सुनते हैं एवं उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी देते हैं व समस्याओं का निवारण कराते हैं। समस्या का समाधान हो जाने पर लोग विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करने से नही चूकते।

जनसेवा के आगे भूल जाते हैं नहाना -खाना

जिले के वरिष्ठ विधायक कुंवर सिंह टेकाम एक जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता जनार्दन के लिए पूरा फर्ज निभाते हैं। जहां सबके सुख-दुख मे बराबर पहुंचते हैं। जनता दरबार में जनता की समस्याओं का निराकरण कराते-कराते सुबह का चाय-नाश्ता, दोपहर का भोजन करना भी भूल जाते हैं जब तक समस्या का निराकरण नही करा लेते उस जगह से हिलते तक नही।

जनता दरबार में सुबह से होती है भारी भीड़

वरिष्ठ विधायक कुंवर सिंह टेकाम का जनता दरबार लगाना कोई नई बात नही है। जबसे विधायक निर्वाचित हुए हैं तभी से वो जनता की समस्याओं को प्रमुखता से सुनते आ रहे हैं। पिछले 10-12 वर्षों से वो सबसे ज्यादा अपना समय जनता-जनार्दन के लिए ही निकालते हैं और वो अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच भी जनता दरबार लगाना नही भूलते। यही कारण हैं कि हर दिन जब-जब वो अपने निज निवास में रहते हैं जनता जनार्दन की भारी भीड़ बनी रहती है, जिनके समस्याओं को प्रमुखता से सुनकर मौके पर ही निराकरण भी कर देते हैं जिससे लोगों के भीतर एक खुशी के भाव झलकने लगते हैं और विधायक श्री टेकाम के परोपकार को भुलाकर भी नही भूल पाते।